हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 14 मई 2025

तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .5 डिग्री

09 हकृवि में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश...




10 मांगे नहीं मानी तो 20 मई की हड़ताल में शामिल होंगी...



## खबर संक्षेप

### व्यापार मंडल स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**आदमपुर।** व्यापार मंडल विश्वास स्कूल मंडी आदमपुर का कक्षा 10वीं व 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में कुल 38 विद्यार्थियों में प्रगति पुत्री सुभाष चंद्र ने 94.8 फीसद अंक लेकर विद्यालय में प्रथम कीर्ति पुत्री संजीव व कुसुम पुत्री राजकुमार ने 91.2 फीसद अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं में 28 विद्यार्थियों में से कला संकाय में सानिया पुत्री राजवीर सिंह ने 94.2 प्रतिशत अंक व विशाखा पुत्री कुलदीप ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### एचबीएसई 12वीं में हिसार के 88.82 % बच्चे पास

**हिसार।** हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परीक्षा घोषित किया गए। प्रदेशभर में नतीजों के मामले में हिसार जिला छठा स्थान पर रहा। हिसार जिले में 88.82 फीसद बच्चे पास हुए। कुल मिलाकर हिसार के बच्चे का प्रदर्शन बेहतर रहा है। वर्ष 2024 में 12वीं में हिसार का रिजल्ट 87.77 फीसद रहा था। वर्ष 2023 में रिजल्ट 86.07 फीसद था। वर्ष 2022 में रिजल्ट 87.82 फीसद रहा था। हिसार से ऊपर रेवाड़ी, पानीपत, फतेहाबाद, करनाल और कैथल जिले हैं। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार हिसार में 14613 बच्चों ने 12वीं की परीक्षा दी, जिसमें से 12979 बच्चे पाए हुए हैं। 1225 विद्यार्थियों की री अपीयर रही। 409 विद्यार्थी असफल रहे।

### जैन गर्ल्स का परीक्षा परिणाम शानदार

**हिसार।** हरियाणा बोर्ड 12वीं के घोषित परिणाम में नागोरी गेट के जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा में सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। आर्ट्स में कक्षा 12वीं की छात्रा किंजल ने ललित कला में 100 ,अंग्रेजी विषय में 96 अंक एवं सभी सभी विषयों को मिलाकर 93 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा महक ने 87 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रा रितिका ने 82 फीसद अंक प्राप्त किए।

## दसवीं कक्षा में प्राची ने 98.4 प्रतिशत अंक किए प्राप्त

# श्री काली देवी विद्या मंदिर का सीबीएसई परिणाम शत-प्रतिशत

**बारहवीं कक्षा में वाणिज्य में मुक्ति अग्रवाल 98.2 फीसद, विज्ञान में समीक्षा 95.8 फीसद तथा कला संकाय में यज्ञांशी ने 96 फीसद अंक के साथ स्कूल पाया प्रथम स्थान**

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। दसवीं व बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्राचार्या गीता मेहता व अन्य अध्यापक गण। *फोटो: हरिभूमि*

श्री काली देवी विद्या मंदिर का सीबीएसई की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी गत वर्षों की भांति अत्यंत शानदार एवं शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्राची ने 98.4 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सक्षम बहार ने 97 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा डेज़ी ने 96.8 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं 51 विद्यार्थियों ने 90 फीसद या उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में मुक्ति अग्रवाल ने 98.2 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्षित ने 96.6 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रिद्धि ने 96 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में समीक्षा ने 95.8 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अर्पिता व भूमिका ने 93.8 फीसद अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा लविशा ने 93.4 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में यज्ञांशी ने 96 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, खुशी ने 95.2 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा स्वीटी ने 94.2 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं 28 विद्यार्थियों ने 90 फीसद या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों, विद्यालय प्रबंधक समिति, समर्पित स्टाफ एवं अभिभावकों को बधाई दी।

# अंतर विद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। कविता प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को सम्मानित करते स्कूल चेयरमैन आनंद यादव। *फोटो: हरिभूमि*

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रांगण में मंगलवार सुबह साहित्य सुधा संगम द्वारा आयोजित हिंदी अंतर विद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तथा विजेता छात्रों के स्वागत में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता हलुवासिया विद्या विहार स्कूल, भिवानी में 9 मई को आयोजित की गई थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता में तीन वर्ग निर्धारित किए गए थे। जिनमें बाल वर्ग (कक्षा 3 से 5 तक), किशोर वर्ग (कक्षा 6 से 8 तक) तथा तरुण वर्ग (कक्षा 9 से 12 तक)। प्रतियोगिता में जिले के 18 विद्यालयों ने भाग लिया। आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस से कक्षा पांचवीं से पलक कक्षा सातवीं से भावना एवं कक्षा नोवीं से दीक्षा ने सहभागिता की। और किशोर वर्ग में भावना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने सभी प्रतिभागी छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद व बधाई दी हैं।

## ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल के विद्यार्थी छाए




**हिसार।** ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल जाखोद खेड़ा का सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। स्कूल प्रिंसिपल सत्यपाल सिंह व डायरेक्टर सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि विभिन्न संकायों में कुल 92 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी और इनमें से 41 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की। रिया पूनिया ने 96 फीसद अंक प्राप्त करके कॉमर्स में टॉप किया। नीलम ने 93.6 फीसद लेकर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। गरीमा ने साइंस में 93.2 फीसद अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। कला संकाय में प्रेरणा ने 95.6, पूनम ने 95 फीसद अंक हासिल किए। प्रिंसिपल तथा डायरेक्टर ने इस उपलब्धि के लिए स्कूल स्टाफ, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## संत ज्योति राव फुले पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**हांसी।** संत ज्योति राव फुले पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्रों ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणामों में छात्रों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर क्षेत्र में श्रेष्ठता का परिचय दिया है। सत्र 2024- 25 में 12वीं कक्षा के 51 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 26 विद्यार्थियों ने 80 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि स्कूल छात्रा शीला देवी ने 96 फीसद अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं कोमल ने 95.4 फीसद, सागर ने 92 फीसद, तथा मीनाक्षी ने 91.2 फीसद अंक प्राप्त किए। इन विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# न्यू आदर्श स्कूल के विद्यार्थी छाए

- न्यू आदर्श स्कूल की छात्रा तनवी ने लिए 500 में हासिल किए 481 अंक, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद



तनवी।



काजल



केशव

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में गांव लोहारी राघो स्थित न्यू आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 वीं कक्षा के वाणिज्य, विज्ञान और कला संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पाकर सफलता का पंचरम लहराया। विज्ञान संकाय में तनवी पुत्री सुरेंद्र ने 500 में से 481 अंक, कला संकाय में काजल पुत्री राजबीर सिंह ने 500 में से 480 अंक, वाणिज्य में केशव पुत्र सोनू ने 500 में से 477 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय,माता–पिता,अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 75 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों की कुल संख्या 26 रही। वहीं 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 31 रही। 9 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किए है। तीनों संकायों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहने पर स्कूल की प्रधानाचार्या राकेश यादव व बलवंत यादव ने सभी विद्यार्थियों को उनके शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

# डीपीएस का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

- परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। शानदार परीक्षा परिणाम लेने वाले विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

दिल्ली पब्लिक स्कूल का सीबीएसई के अन्तर्गत कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत एवं शानदार रहा। कक्षा बारह के अंतर्गत विद्यालय के कला संकाय में देवांशी ने 97.8 फीसद वाणिज्य संकाय में नव्या ने 96.4 फीसद तथा विज्ञान संकाय में अक्षत कुमार ने 94.6 फीसद अंक प्राप्त कर, विद्यालय के शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्टता का ही नहीं अपितु अपनी लगन, परिश्रम एवं बुद्धिमता का बेहतरीन परिचय दिया है। उल्लेखनीय है कि तीनों संकायों में पेटिंग में 11, अकाउंट में एक तथा एप्लाइड गणित में एक विद्यार्थी ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। योग्यता सूची में कुल 31 विद्यार्थियों ने 90 फीसद और उससे अधिक तथा कुल 113 विद्यार्थियों ने 75 फीसद से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों से जिले एवं राज्य में विद्यालय की गरिमा को चार चांद लगाए। ज्ञात रहे कि प्रत्येक विषय में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अध्यापकों का मस्तक गर्व से ऊंचा किया। कक्षा दसवीं के अंतर्गत विद्यालय में 98.2 फीसद अंक लेकर हर्षिका फोगाट ने प्रथम, 97.6 फीसद अंक लेकर अर्णव नेहरा ने द्वितीय तथा 96.6 फीसद अंक लेकर जैसमिन कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। विद्यालय के डायरेक्टर निहाल सिंह ने कहा कि हम अपने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन मुंशी राम व प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने विशेष रूप से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के तीनों टॉपर्स, विभिन्न विषयों में 100 फीसद अंक प्राप्त करने वाले तथा सभी संकायों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकवृंद को बधाई दी।

# रिजल्ट से उपासना स्कूल उत्साहित

- उपासना स्कूल का 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद



आशा।



पूजा।



गोविंद।

हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की बाहरवी कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें उपासना सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा आशा ने 465 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र का स्कूल में स्वागत किया गया। स्कूल के प्राचार्य जगदीश भैरो ने बताया कि मार्च 2025 में 98 बच्चों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा आशा ने 465 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र पूजा ने 461अंक लेकर द्वितीय और गोविन्द ने 449 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 40 बच्चों ने बोर्ड मेरिट, 35 छात्रों ने जिला मेरिट प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस शानदार परिणाम के लिए सभी विद्यार्थी,अध्यापक व अभिभावक बधाई के पात्र हैं।

# एचकेएसडी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नागोरी गेट स्थित एच.के.एस.डी. गर्ल्ज सी. सैके. स्कूल की बारहवीं कक्षा का आर्ट्स एवं कॉमर्स ग्रुप का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की 17 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की एवं शेष सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विषयवार छात्राओं ने अधिकतम अंक फिजिकल एजुकेशन में 99 अंक, इक्नोमिक्स में 99 अंक, अंग्रेजी में 96 अंक, फाइन आर्ट्स व बिजनेस स्टडी में 95 अंक, अकाऊंटस व राजनीति विज्ञान में 94 अंक, हिंदी में 91 व गणित में 90 अंक प्राप्त किए। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने बताया कि स्कूल की छात्रा निधि पुत्री उदयभान त्रिपाठी ने 473/500 अंक (94.6) लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पाया। कनु पुत्री विकास ने 455/500 अंक (91) लेकर द्वितीय स्थान तथा फिजा पुत्री संजय योगी ने 454/500 अंक (90.8) लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शिवालिक स्कूल ने किया नाम रोशन

- स्कूल के प्रबंधक निदेशक दलबीर पंघाल ने बताया कि स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद



निधि



कनु



फिजा।

बड़वाली ढाणी स्थित शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12 वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। स्कूल के प्रबंधक निदेशक दलबीर पंघाल ने बताया कि स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल की छात्रा प्राची ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। वहीं जितेंद्र ने 88 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व नितिन ने 81 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल प्रबंधक निदेशक दलबीर पंघाल ने शानदार परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल स्टाफ, अभिभावकों व छात्रों को बधाई दी है।

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

- करीब 11 एमएम बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में हुआ जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। बरसात के चलते कप्तान स्कूल रोड पर जलभराव। *फोटो: हरिभूमि*

ठंडी हवा के साथ आई मंगलवार की सुबह की शुरूआत हुई। दिन के समय सूर्यदेव की तेज तपिश ने पसीने छुड़वाए लेकिन शाम होते ही मौसम ने अचानक करवट ली और तेज अंधड़ के साथ बारिश शुरू हो गई। शहर में लगभग 11 एमएम बारिश हुई। बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने मौसम में तो ठंडक पैदा कर दी लेकिन धरतीपुत्रों की चिंता बढ़ा दी। बारिश व ओले गिरने से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शहर के अलावा जिले के आसपास क्षेत्रों में कहीं तेज तो कहीं हल्की तो कहीं कहीं बारिश के साथ ओले भी गिरे। भीषण गर्मी का महीना कहलाने वाले मई माह की बात करें तो अभी तक लोगों को लगातार भीषण गर्मी से दो-चार नहीं होना पड़ा है। आए दिन मौसम में हो रहे बदलाव के चलते न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कभी बढ़ोतरी तो कभी गिरावट दर्ज की जा रही है जिससे भीषण गर्मी का अहसास नहीं हो रहा है।

### बारिश से फायदा, ओलों से नुकसान

किसानों का कहना है कि बारिश तो नरमा व अन्य फसलों के लिए काफी लाभदायक है लेकिन ओलावृष्टि से नरमे की फसल को नुकसान का काफी अंदेशा है। किसानों का मानना है कि ओलावृष्टि से जहां नरमे की फसल फुटाव में है उसे भी नुकसान है और जो बढ़वार की और है उसे भी नुकसान है। वहीं किसानों का कहना है कि बारिश फसल के लिए काफी लाभदायक है।

## सीबीएसई परीक्षा परिणाम से स्कूल प्रबंधन गदगद, हर ओर जश्न

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

- गणित व संगीत विषय में 100 फीसद अंक प्राप्त कर यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*



यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने वर्ष 2024-25 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है। विशेष रूप से गणित और संगीत जैसे विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर छात्रों ने शैक्षणिक उपलब्धियों का नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि बारहवीं कक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए कला संकाय की चेतना ने 95.4 प्रतिशत, हंसिका ने 92.4 फीसद तथा तनु रानी ने 92.2 फीसद अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में रिया ने 93.8 फीसद, कुसुम ने 91.2 फीसद और खुशी ने 90.8 फीसद अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में दीक्षा ने 87.8 फीसद तथा योगेश ने 86.8 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने संगीत विषय में 100/100 अंक, इतिहास में 99, भूगोल, चित्रकला, अंग्रेजी विषय में 98, गणित व शारीरिक शिक्षा विषय में 97,भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व हिंदी विषय में 96, जीव विज्ञान विषय में 94, अर्थशास्त्र व राजनीतिक विज्ञान विषय में 93,अकाउंटेंसी विषय में 92, व्यावसायिक अध्ययन विषय में 90 अंक प्राप्त कर अपने अध्यापकों का नाम रोशन किया। वहीं दसवीं कक्षा में इशांत ने 96.2 फीसद, इशिका ने 96 फीसद, प्रगति ने 95.2 फीसद, इशिका ने 94.8 फीसद, तनिष ने 93.4 फीसद, सारिका ने 93.2 फीसद, शुभम ने 91.6 फीसद, रमनदीप ने 90.6 फीसद और दक्ष ने 90.4 फीसद अंक प्राप्त अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। दसवीं के छात्र इशांत कुमार ने गणित में 100 में से 100 अंक और अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जताई

यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इनका यह प्रदर्शन अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बच्चों व अध्यापकों को बधाई दी।



# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

लाइफ Style



# सामंथा

## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनेत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।


सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

हॉलीवुड मसाला




# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।



# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस' और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी' इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया' ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती


**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।



# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट** : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



## बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*


## 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले



और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

## रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



## हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

## आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।

## शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा



अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।





***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया*** : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।

***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म*** : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।

***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक*** : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

## नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट



इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।

## इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल



नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कैरम बोर्ड खेल टीम का चयन 15 को

**हिसार।** फरीदाबाद में होने वाली राज्यस्तरीय कैरम बोर्ड खेल प्रतियोगिता के लिए 15 मई को जिला हिसार कैरम बोर्ड खेल टीम का चयन आर्य नगर स्थित आर्यभट्ट मॉडल स्कूल में किया जाएगा। जिला हिसार कैरम बोर्ड खेल संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कुमार व सचिव एडवोकेट नीरज वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला की आयु वर्ग 12 साल, 14 साल, 18 साल व सीनियर आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के मुकाबले करवाए जाएंगे।

### ग्राम सचिवों की जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला 16 को

**हिसार।** जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कीर्ति सिरोहीवाल ने बताया कि एसएलटीएफ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र द्वारा ग्राम सचिवों की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला 16 मई को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित की जाएगी। कीर्ति सिरोहीवाल ने जिले के सभी ग्राम सचिवों को निर्देश दिए कि 16 मई को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### शिवालिक स्कूल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**हिसार।** बड़वाली ढाणी स्थित शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 14 मई को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूल प्रबंधक निदेशक दलबीर पंघाल ने बताया कि चिकित्सा शिविर 14 मई बुधवार को प्रातः 7:30 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे तक जारी रहेगा। शिविर में कान, आंख व गर्दन के विशेषज्ञ डॉक्टर भी अपनी सेवाएं देंगे।

### सवाल उठाना कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता :

**हिसार।** भाजपा नेता हनुमान वर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संदेश को राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ नीति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह संदेश ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की नई सामरिक दृष्टि और अटूट संकल्प को दर्शाता जो देश की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। वर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गंभीर मसलों पर सवाल उठाना कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है।

### निशुल्क कृत्रिम उपकरण वितरण समारोह 18 को

**हिसार।** समर्थ फाउंडेशन द्वारा भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा के सहयोग से 18 मई को दिव्यांगजनों के लिए निशुल्क कृत्रिम उपकरण वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि नई अनाज मंडी में स्थित श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में आयोजित होने वाले इस समारोह में दिव्यांग बंधुओं को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीनें, वॉकर, छड़ी व बैसाखी निशुल्क वितरित की जाएंगी।

### जिला सैनिक कार्यालय में अपडेट करवाएं जानकारी

**हिसार।** जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण कार्यालय हिसार द्वारा सभी पूर्व सैनिकों एवं उनकी विरांगनाओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। विंग कमांडर सुजाता ने बताया कि जिले के समस्त पूर्व सैनिक एवं उनकी विधवाएं कार्यालय में पहुंचकर अपना व्यक्तिगत जानकारी का विवरण एक निर्धारित फॉर्म में भरकर अनिवार्य रूप से जमा करवाएं।

### भगवान नृसिंह की सवारी शोभा यात्रा निकाली

**हिसार।** अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में सभी उत्सव व त्योहार पूरी आस्था व धूमधाम से मनाए जाते हैं। स्वाति नक्षत्र के अवसर पर भी तिरुपति धाम में भगवान नृसिह जी का महाभिषेक करके सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। तिरुपति धाम में स्थापित भगवान नृसिंह के मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

---

### पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई

# हकृवि में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया हुई आरम्भ

- इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तके करा सकते है एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 31 मई तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2 प्लस 4 वर्षीय बी ए स सी (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस, बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट, बीएससी (आनर्स) फिजीकल साइंसिज़, बीएससी (आनर्स) लाइफ साइंसिज़ व बीटेक बायोटेक्नोलोजी में दाखिला 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेंस टेस्ट (मैन) 2025 और एलईईटी 2025 की मेरिट के आधार पर होगा।



प्रो. बी.आर. काम्बोज, कुलपति।

#### इन प्रोग्राम में होंगे स्नातकोत्तर व पीएचडी में दाखिले

विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेस टेस्ट के आधार पर होगा। कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्री.मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस/फलोरिकल्चरल एंड लेंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलोजी, प्लांट पैथोलॉजी, प्लांट प्रोटेक्शन-इंटोमोलॉजी, सीड साइंस एवं टेक्नोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरेस्ट्री, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, पीएचडी इन एग्रीबिजनेस मेनेंजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट शामिल है। मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स शामिल है। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपारेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड एंड न्यूट्रिशियन, ह्यूमन डेवलपमेंट एंड फैमिली स्ट्डीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कन्ज्यूमर साइंस कोर्सिज शामिल है। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, रिन्यूऐबल एनर्जी इंजीनियरिंग व प्रोसेसिंग एंड फूड इंजीनियरिंग कोर्स शामिल है। कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी जबकि पीएचडी के लिए बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी व एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी कोर्सिज के लिए इच्छुक विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिश इंजीनियरिंग, फिशरीज एक्सटेंशन व फिशरीज इकोनॉमिक्स तथा पीएचडी में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, व फिशरीज इकोनॉमिक्स विषय शामिल हैं। कुलपति ने बताया कि सीएसआईआर-यूजीसी-जेआरएफ व आईसीएआर के विद्यार्थियों के अलावा पीएचडी में दाखिलें दूसरे सेमेस्टर (2025-26) में होंगे। इसी प्रकार इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रीन्यूरशिप, गुरुग्राम में एमबीए एग्री-बिजनेस, एमबीए जनरल, मास्टर्स इन रुरल मैनेजमेंट व पीएचडी इन रुरल मैनेजमेंट विषय शामिल है।

#### इन पीजी डिप्लोमा में होंगे दाखिले

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में कम्यूनिकेशन स्किल इन इंगलिश, इंगलिश-हिंदी ट्रांसलेशन, रिमोट सेसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, हयूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए आवेदन की फीस 1500 रूपये जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 375 रूपये होगी। इसके अलावा उपलब्ध सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में मौजूद होंगी।

---

### भारत ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया : बिश्नोई

- देश की जनता भी आप्रेशन सिंदूर की सफलता से गदगद है
- भारत की सेना के साहस और शौर्य को सराहा

**आदमपुर।** भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि आप्रेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को सबक सिखाकर भारत ने न केवल आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी यह संदेश दे दिया है कि हमारी तीनों सेनाएं आधुनिक हथियारों से लैस होकर कितनी सुदृढ़ हो चुकी है, जिसका सामना करना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम हमले के बाद देश की जनता से वादा किया था कि हर हाल में आतंकवादियों को सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने सेना को खुली छूट देकर और पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से दुनिया में अलग-थलग करके दर्शाया कि क्यों वे देश का नेतृत्व करने वाले महान व्यक्तित्व हैं। न केवल पार्टी कार्यकर्तोओं बल्कि देश की जनता भी आप्रेशन सिंदूर की सफलता से गदगद है। भव्य आज कालीरावण में काजला मंडल, चूली खुर्द में आदमपुर मंडल तथा ढाणी मोहब्बतपुर में बालसमंद मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इसके उपरांत उन्होंने घुड़साल एवं सुंडावास में विकास कार्यों का उद्घाटन किया तथा विभिन्न गांवों में अपनों के सुख-दुख में शिरकत भी की।

---

## नगर निगम की टीम ने दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

- मार्केट में दुकानदारों ने खुले में कचरा डालना कर दिया था शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को सचिव राहुल सैनी ने कटला रामलीला मैदान स्थित मेडिकल मार्केट के दुकानदारों व नागारिकों को खुल में कचरा न फैलाने के प्रति जागरूक किया गया। मार्केट में दुकानदारों ने खुले में कचरा डाल रहे थे। इसके लिए मार्केट प्रतिनिधियों को मौके पर बुलाकर समझाया गया। इस दौरान दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि हम खुले में कचरा नहीं डालेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। सचिव राहुल सैनी ने मार्केट के दुकानदारों को दुकान में डस्टबिन लगाएं जिसमें दुकान का कचरा डाले तथा उसको नगर निगम द्वारा संचालित कचरा संग्रहण के वाहनों में ही डाले। इस दौरान सचिव राहुल सैनी और एएसआई रोहित ने मार्केट में बने शौचालयों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। अगर साफ-सफाई से जुड़ी कोई भी समस्या आती है तो उसके लिए आप निगम के ट्रोल फ्री नंबर 99535 58000 पर नाम नंबर व लोकेशन सहित फोटो व्हॉटअप सकते है।



**हिसार।** दुकानदारों को जागरूक करती नगर निगम की टीम।

### नकदी चोरी करने का तीसरा आरोपी काबू

**हिसार।** उकलाना पुलिस ने पिस्तौल के बल पर नकदी चोरी के मामले में एक आरोपी टोहाना निवासी निखिल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक अजमेर सिंह ने बताया कि थाना उकलाना में साहू निवासी बिसंभर नाथ ने तीन व्यक्तियों द्वारा पिस्तौल के बल पर उसके घर से नकदी चोरी करने की शिकायत दी थी। शिकायत में उसने बताया कि 2/3 मई की रात में वह अपने परिवार सहित घर में सो रहा था। रात में जब उसकी आंख खुली तो एक लड़का उसकी चारपाई के पास पिस्तौल लिए खड़ा था। उस लड़के ने कहा हिले तो गोली मार दूंगा।

## मांगे नहीं मानी तो 20 मई की हड़ताल में शामिल होंगी मिड डे मील कार्यकर्ता

- बैठक जिला प्रधान जमीला की अध्यक्षता में आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी की बैठक जिला प्रधान जमीला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव पार्वती ने किया। बैठक में एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ भी उपस्थित रहे।

जिला प्रधान जमीला ने कहा कि मिड डे मील कुक बहुत ही गरीब घरों की महिलाएं हैं। इनमें आधे से ज्यादा विधवा महिलाएं काम करती हैं। जिन के ऊपर घर चलाने की पूरी जिम्मेदारी है। इस आसमान छूती महंगाई में मिड डे मील कुक को सिर्फ 7000 रुपये महीना मानदेय के तौर पर मिल रहा है वह भी सिर्फ 10 महीने का। जमीला ने कहा कि अगर सरकार ने सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, 28000 न्यूनतम वेतन लागू करने व 10 की बजाय पूरे 12 महीने का वेतन देन जैसी मांगों को लागू नहीं किया तो मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेगी। इस अवसर पर सरोज, रानी, सुमन, बबली, पार्वती जमीला, सुनीता, मुकेश, आशा, सुनीता, बरजी, लक्ष्मी आदि मौजूद रही।



हिसार। नारेबाजी करती मिड डे मील कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## बुद्धा वर्ल्ड वेलफेयर सोसायटी ने किया पौधरोपण



**हिसार।** पौधरोपण के मौके पर उपस्थित सोयासटी के पदाधिकारी व क्षेत्रवासी।

**हिसार।** बुद्धा वर्ल्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आजाद नगर के बुद्धा पार्क में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। डॉ. सुदामा बौद्ध ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा आत्मचिंतन और प्रकृति से जुड़ाव का पर्व है। पौधरोपण न केवल हमारे पर्यावरण के लिए बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक अनमोल उपहार है। कार्यक्रम में 25 पौधे रोपित किए गए, जिनमें गुलमोहर, गुड़हल, चम्पा, कनेर, नीम, चमेली, अशोक, चमेली, रबर प्लांट, ऐरिकापाम आदि प्रमुख थे। और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस मौके पर लेखराज, दिनेश कलवां, राजू पनीरवाला, जगदीश नाफरियां, वकील ओमप्रकाश लिखाला, सीताराम तिडदिया आदि रहे।

## कांग्रेस नेता ने मेयर पर लगाए आरोप

- मेयर प्रवीण पोपली बोले, आरोप लगाने वाले खुद अपडेट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर परिषद पूर्व चेयरमैन और कांग्रेस से मेयर पद के प्रत्याशी रहे कृष्णा सिंगला उर्फ़ टीटू ने मेयर प्रवीण पोपली पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता ने प्रवीण पोपली पर की मेयर पद की योग्यता पर भी सवाल उठा दिया और साथ ही कई वित्तीय अनियमितताओं करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता टीटू ने हाउस टैक्स से जुड़े दस्तावेजों का हवाले देते हुए कहा कि मेयर प्रवीण पोपली पर नगर निगम का हाउस टैक्स बकाया है। इतना ही नहीं रजिस्ट्री और नामांकन पत्रों में भूमि के माप में भी अंतर है। इसके अलावा नामांकन पत्र में 'प्रवीण कुमार' के स्थान पर 'प्रवीण कुआंमर' लिखा गया है, जो एक गंभीर प्रशासनिक त्रुटि है और उनकी योग्यता पर सवाल उठाता है। पोपली का पिछले चार महीनों का बिजली बिल बकाया है जो वित्तीय अनियमितता का स्पष्ट उदाहरण है। इस संदर्भ में उन्होंने हरियाणा के चुनाव आयुक्त, स्थानीय निकाय आयुक्त, हिसार के उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त और रिटर्निंग अधिकारी को लिखित शिकायत भेजी है, जिसमें उन्होंने पोपली के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता कृष्ण सिंगला टीटू।

#### मेयर का पलटवार

मेयर प्रवीण पोपली ने कांग्रेस से मेयर प्रत्याशी रहे कृष्ण सिंगला टीटू के आरोप पर कहा कि चुनाव लड़ा जाता है तो पूरे नौ ड्यूज लिए जाते हैं, वो सारे मैंने लिए थे। कहां से बकाया हुए। दो महीने पहले तो मैंने चुनाव ही लड़ा है। आरोप लगाने वाले पहले खुद को अपडेट कर लें। मेयर ने कहा कि कृष्ण सिंगला टीटू ने मेरे बारे में चुनाव आयोग को जो लिखा और इसको लेकर आयोग की तरफ से जो भी फैसला आएगा मुझे मान्य है।

## दुनिया को अलविदा कहने के बाद दो लोगों दी रोशनी

**हिसार।** विनोद नगर निवासी दुर्गा देवी इस संसार को विदा कहने के पश्चात अपनी आंखों की रोशनी से दो लोगों के अंधेरे जीवन में उजाला कर गईं। दुर्गा देवी का मंगलवार प्रातः देहांत हो गया। उनकी इच्छा के अनुसार परिजनों ने आंखों को शहर के महाराजा अग्रसेन सामान्य अस्पताल में दान कर दिया। अब उनके नेत्रों से दो नेत्रहीन लोगों को यह दुनिया देखने का मौका मिलेगा। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि दुर्गा देवी ने नेत्रदान का फैसला अणुव्रत समिति के अभियान जीते जी रक्तदान, मरणोपरांत अंगदान, नेत्रदान व समिति के चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपक गुप्ता से प्रेरित होकर लिया था। दुर्गा देवी को यह प्रेरणा राजरानी गुप्ता से भी मिलीं जिनका कुछ समय पूर्व ही देहांत हुआ था और उनकी आंखें परिजनों द्वारा दान कर दी गई। 26 वर्ष पूर्व दुर्गा देवी के पति दीनदयाल गोयल ने भी नेत्रदान कर समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया था। उनके पुत्र प्रमोद कुमार गोयल ने भी नेत्रदान का संकल्प लिया। अणुव्रत समिति के प्रधान राजेंद्र अग्रवाल ने दुर्गा देवी व उनके परिजनों का अणुव्रत समिति के इस अभियान से जुडकर नेत्रदान करने के निर्णय का स्वागत किया व



दुर्गा देवी (फाइल फोटो)

---

**सुविधा** विवि ने एलजी इलेक्ट्रोनिक्स इंडिया लिमिटेड के साथ किया एमओयू

## गुजवि के छात्रावासों में विद्यार्थियों को मिलेगी कपड़े धुलवाने की सुविधा

विवि नौ स्थानों पर स्थापति करेगा अपनी उच्च गुणवत्ता की कपड़े धोने की मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को छात्रावासों में ही कपड़े धुलवाने की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए विश्वविद्यालय ने एलजी इलेक्ट्रोनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीईआईएल) के साथ इंटरनेशनल मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) किया है। एलजीईआईएल विश्वविद्यालय में नौ स्थानों पर अपनी उच्च गुणवत्ता की कपड़े धोने की मशीनें स्थापित करेगी। इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व एलजीईआईएल कोरिया की ओर से बिजनेस हैड हेमेंदू सिन्हा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर में कपड़े धुलवाने की व्यवस्था के लिए लम्बे समय से मांग कर रहे थे। विशेषकर परीक्षा के समय में विद्यार्थियों के पास पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य कार्य करने के लिए समय नहीं होता। अब विद्यार्थी पढ़ाई को अपना और अधिक समय दे सकेंगे। कुलपति ने कहा कि गुजवि द्वारा किया गया यह एमओयू एक महत्वपूर्ण कदम है।

एमओयू पर गवाह के तौर पर गुजविप्रौवि की ओर से कुलसचिव डॉ. विजय कुमार व डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह तथा एलजी इलेक्ट्रोनिक्स इंडिया लिमिटेड, कोरिया से प्रोजेक्ट मैनेजर साहिल माथुर, प्रोजेक्ट हैड वाक्स नूर व भारत के क्षेत्रीय कार्यालय के एरिया मैनेजर पवन गाबा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रो. ओ.पी. सांगवान, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. अंजू गुप्ता, प्रो. अर्चना कपूर, डा. विनीता माथुर तथा एलजीईआईएल के कोरियन हैड ऑफिस के टोनी, एलेक्स व जिवोन उपस्थित रहे।



**हिसार।** गुजवि में एमओयू का आदान-प्रदान करते गुजविप्रौवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व एलजीईआईएल के बिजनेस हैड हेमेंदू सिन्हा।

#### इन स्थानों पर स्थापित होंगी मशीनें

एलजीईआईएल द्वारा कॉर्पोरेट रिसपोंसिबिलिटी एग्रीमेंट (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत गुजविप्रौवि के जेसी बोस सदन में एक, आर्यभट्ट सदन में एक, मदन लाल ढींगड़ा सदन में दो, विवेकानंद भवन में चार, कस्तूरबा भवन में दो, सरस्वती भवन में दो, मनीकार्निका भवन में दो, अमृता देवी भवन में तीन तथा कल्पना चावला भवन में एक मशीन स्थापित की जाएंगी।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर बैठक की

**हिसार।** आगामी 20 मई की राष्ट्रब्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर मंगलवार को को पृथ्वी प्रभात भवन में भवन निर्माण कामगार यूनियन तहसील कमेटी की मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता लीलूराम जागड़ा ने की व संचालन सचिव राकेश गंगवा ने किया। यूनियन ने एक प्रस्ताव रखा जिसमें पूरे जिला के मजदूर किसानों कर्मचारी अन्य जन संगठनों एचएयू गेट नंबर 4 पर इकट्ठा होकर जुलूस निकालेंगे।

**सूचना**

मैं, कालू राम पुत्र श्री रिछपाल निवासी गांव आदमपुर, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरी पुत्री ज्योति मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### हत्या मामले में 9वां आरोपी काबू, 3 साल से था फरार

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने वर्ष 2022 में पुट्ठी से बेडवा रोड़ पर हुए डबल मर्डर के मुख्य आरोपी को शरण देने वाले तीन साल से फरार आरोपी भाटिया कालोनी निवासी तनूज उर्फ नन्हा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने वर्ष 2022 में गांव पुट्ठी से बेडवा रोड़ पर हुए डबल मर्डर में आरोपी ने हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को अपने यहां शरण और आर्थिक सहायता प्रदान की थी। इस मामले में वह तीन साल से फरार चल रहा था। सीआईए पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे बेल पर रिहा किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले में 8 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### दुकान से नकदी चुराने का आरोपी किया काबू

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने रामलाल कॉलोनी स्थित एक किरयाना स्टोर से रुपए चोरी करने के आरोप में सिसाय पुल निवासी अजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी ने 16 अप्रैल को रामलाल कॉलोनी में वेद प्रकाश की दुकान में से 14800 रुपये चोरी कर लिए थे। शहर थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेश अनुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### विद्यार्थियों को नशे के प्रति किया जागरुक

**हांसी।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटोल के विद्यार्थियों व गांव कंवारी में मनरेगा मजदूरों को साइबर अपराध व नशे के दुष्परिणामों बारे में जागरूक किया। भाटोल गांव में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए एसआई दीपक कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा नशे के बढ़ते प्रचलन पर अंकुश लगाने के लिए एक मुहिम चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे। वहीं नशा मुक्ति टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने गांव कंवारी में श्रमिकों को जागरुक करते हुए कहा कि नशे की लत छुड़वाई जा सकती है।

### फर्जी बिल से गबन का आरोपी रिमांड पर लिया

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने फर्जी बिल बना, ट्रकों के नाम उधार लिख नकदी गबन के मामले में तत्कालीन पेट्रोल पंप कर्मचारी सीकर, राजस्थान निवासी कमल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी कमल कुमार गोयल पेट्रोल पंप, मुकलान पर मैनेजर के पद पर काम करता था। थाना आजाद नगर में गोयल पेट्रोल पंप से विपुल अग्रवाल ने उक्त तत्कालीन मैनेजर कमल कुमार पर फर्जी डीजल के बिल बना, ट्रकों के नाम उधार लिख, नकद राशि 1 लाख 35 हजार रुपए के गबन का आरोप लगा शिकायत दी थी। जिस पर थाना आजाद नगर में मामला दर्ज किया था। अभियोग में आगामी जांच करते हुए उक्त आरोपी कमल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### दो अवैध पिस्तौल के साथ आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हिसार।** सीआईए की टीम ने ऑटो मार्केट से एक व्यक्ति को काबू कर दो अवैध पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सीआईए प्रभारी उप निरीक्षक कर्ण सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर ऑटो मार्केट से एक व्यक्ति को काबू किया। जिसकी पहचान बीड़ बबरान निवासी राजविंदर के रूप में बताई। तलाशी लेने पर राजविंदर के कब्जे से 2 अवैध पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। सीआईए प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है आरोपी राजविंदर ऑटो मार्केट में स्पेयर पार्ट की दुकान पर काम करता है।

---

### चिह्नित अपराध से जुड़े मामलों में हो त्वरित कार्रवाई

# डीसी ने दिए अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने के निर्देश

**जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, एससी/एसटी एक्ट केस समीक्षा तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, एससी/एसटी एक्ट केस समीक्षा तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अहम निर्देश दिए गए।

बैठक में उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधों से जुड़े मुकदमों में त्वरित कार्रवाई की जाए। जिला न्यायवादी कार्यालय यह सुनिश्चित करें कि ऐसे मामलों की सुनवाई में दो महीने से अधिक की तारीख न मिले। एससी/एसटी और पोक्सो अधिनियम से संबंधित मामलों की समीक्षा के दौरान विशेष सतर्कता बरतते हुए और दोषियों को सख्त सजा दिलवाने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गए।

#### अवैध कॉलोनियों पर एसपी भी गंभीर

बैठक में हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनी के प्रत्येक केस में निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार कॉलोनी अप्रूवल, मालिकाना विवरण आदि जानकारियां एकत्र कर पुलिस की एनफोर्समेंट विंग को एफआईआर की प्रति के साथ भेजी जाएं ताकि दोषियों के विरुद्ध मजबूत केस बनाया जा सके। बैठक में हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम मोहित महराणा, जिला न्यायवादी दीपक लेघा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### तहसीलदारों को भेजें सूची

डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। संभावित अवैध कॉलोनियों की सूची समय-समय पर तहसीलदारों को भेजी जाती है, ताकि संबंधित जमीनों की रजिस्ट्रियां रोकी जा सकें। उपायुक्त अनीश यादव ने निर्देश दिए कि यदि किसी जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है, तो संबंधित जमीन मालिक या कॉलोनी के डेवलपर को नोटिस तामील करवाया जाए। उन्होंने कहा कि कई बार कॉलोनी डेवलपर अपनी पहचान छिपा लेते हैं, इसलिए डीटीपी कार्यालय को चाहिए कि जमीन मालिक से एफिडेविट ले, जिसमें यह स्पष्ट हो कि कॉलोनी वह स्वयं विकसित कर रहा है या किसी अन्य डेवलपर को जमीन सौंप चुका है। उपायुक्त ने अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

---

# कुलाना गांव में बुजुर्ग महिला ने निगला जहर

- मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

बरवाला रोड़ स्थित कुलाना गांव में सोमवार रात को एक बुजुर्ग महिला 60 वर्षीय शीला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। महिला की जहरीला पदार्थ निगल जाने की वजह से मंगलवार सुबह उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर उसे प्रताड़ित किए जाने के आरोप लगाए। पुलिस ने मृतका शीला के भाई के बयान पर परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं शीला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद गांव में शोक की लहर है। मृतका शीला के दो बेटे हैं, और दोनों ही शादीशुदा है लेकिन दोनों ही शराब पीने के आदी है। वहीं शीला का पति जगदीश खेती बाड़ी का काम करता है।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शीला ने सोमवार देर रात संदिग्ध स्थिति में जहरीला पदार्थ निगल लिया और जहर के प्रभाव से उसकी तबीयत बिगड़ने तो परिजन रात को ही उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने निजी अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

#### कुछ समय से मानसिक तनाव में थी शीला देवी

ग्रामीणों के अनुसार शीला पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में रहती थी। उसके बेटे शराब के आदी है। महिला के मायके भिवानी के गांव सुमड़ा खेड़ा से मृतका के भाई पहुंच गए हैं और उन्होंने ससुराल पक्ष के लोगों पर उनकी बहन शीला को प्रताड़ित किए जाने के आरोप लगाएं हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

सदर थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि शहर थाना में तैनात ईएसआई जगबीर सिंह की बहन ने सोमवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में जहर निगल लिया था, उन्होंने बताया कि जगबीर द्वारा ससुराल पक्ष के लोगों पर उसकी बहन शीला को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर मामले की जांच की जा रही है। नियमानुसार जो भी कार्रवाई बनेगी, उसी अनुरूप आगामी कार्रवाई की जाएगी।

---

# राजगुरु मार्केट व रेहड़ी मार्केट के बीच बनेंगी टू व्हीलर पार्किंग

- व्यापरियों की मौजूदगी में टू व्हीलर पार्किंग का शुभारभ, एक साथ खड़े हो सकेंगे 700 वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पार्किंग निर्माण के शुभारंभ अवसर पर मौजूद व्यापारी नेता व निगम अधिकारी।

राजगुरु मार्केट, रेहड़ी मार्केट और उसके आस-पास की मार्केटों की टू व्हीलर पार्किंग बनाने का कार्य नगर निगम कर रहा है। जिसका उद्घाटन डॉ. अशोक आहुजा डेंटल सर्जन ने नारियल फोड़कर किया। टू व्हीलर पार्किंग बनाने में 32 लाख रूपये के लागत आएगी और इसे बनने में 10 महीने का समय लगेगा। इस पार्किंग में करीब 700 दुपहिया वाहन के खड़े होने की क्षमता होगी। उद्घाटन अवसर पर जेई कुशल, राजगुरू मार्केट के प्रधान एडवोकेट रवि मेहता, दीपक अग्रवाल सिटी मण्डल अध्यक्ष भाजपा, सुभाष टीनू आहुजा, सुरेन्द्र बजाज, महेश चैधरी, सुनील वर्मा, जोनी मुंजाल, सुरेन्द्र सोनी, जीतू वासुदेव के द्वारा किया गया।

जेई कुशल ने बताया कि टू व्हीलर पार्किंग बनाने में 32 लाख रूपये के लागत आएगी। इसको बनाने में लगभग 10 महीने का समय लगेगा। इस पार्किंग में लगभग 700 वाहन की होगी टू व्हीलर पार्क किए जा सकेंगे। इसके बनने के बाद राजगुरू मार्केट और इसके आस-पास की मार्केटों में टू व्हीलर पार्किंग के लिए उचित स्थान मिलेगा।



हांसी। नागरिक अस्पताल में घायलों का उपचार करते चिकित्सक।

### भाटला में जमीनी विवाद को लेकर 3 भाइयों में चले लाठी-डंडे, 6 घायल, लंबे समय से बना था गतिरोध

**हांसी।** बरवाला रोड़ स्थित भाटला गांव में मंगलवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर तीन भाइयों के परिवारों के बीच प्लॉट के कब्जे को लेकर हुई हिंसक झड़प में एक दूसरे पर लाठी डंडों व तेजधार हथियार से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। एक दूसरे पर किए गए हमले में 6 लोग घायल हो गए सभी घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तीन भाइयों के बीच एक कब्जे के प्लॉट को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा है और तीनों भाई वर्षों से इस जमीन पर अपना-अपना दावा कर रहे थे। भाइयों के बीच लंबे समय से है रंजिश घायलों के बड़े भाई अर्जुन ने बताया कि उसके चमन, रत्तू और धुपा तीन भाई हैं और तीनों भाई एक कब्जे के प्लाट में बराबर हिस्से की मांग कर रहे थे। लेकिन तीनों आपसी सहमति नहीं बनने के कारण झगड़ा हुआ।

# 12वीं और 10वीं के परिणाम में सूरज स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई, विद्यार्थियों के चेहरों पर दिखी खुशी की लहर।

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़।



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय में इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंकों के साथ टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया। अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2 प्राप्त किए।

---



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

### घरों की छतों पर सर्वाधिक सोलर इंस्टॉलेशन वाले गांव को मिलेगी एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**हिसार।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आदर्श सौर गांव चयन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि जिन 86 राजस्व गांवों की जनसंख्या 5000 से अधिक है, वे इस योजना के तहत प्रतिस्पर्धी गांव घोषित किए गए हैं। इनमें से सर्वाधिक सोलर इंस्टॉलेशन करने वाले गांव को आदर्श सौर गांव घोषित कर एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना की निष्पक्ष व प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समन्वय एवं निगरानी समिति का गठन कर दिया गया है। बिजली बोर्ड, जिला परिषद, पंचायती राज विभाग, ऊर्जा तथा संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से यह प्रतिस्पर्धा चलेगी। इस अवधि में पात्र गांवों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे और लाभार्थियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से योजना में पंजीकरण करवाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। एसई ओमवीर सिंह ने बताया कि योजना के तहत 2 किलोवाट तक की क्षमता वाले ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर प्लेट के लिए कुल 60 हजार सरकारी सहायता उपलब्ध है।

# दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में पहली एलुमनी मीट का सफल आयोजन

- कार्यक्रम में करीब 100 पूर्व छात्र ऑनलाइन व ऑफलाइन शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। एलुमनी मीट में उपस्थित संस्थान स्टाफ सदस्य व पूर्व छात्र।

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पहली एलुमनी मीट का सफल आयोजन किया गया। यह एलुमनी मीट डायरेक्टर जनरल, तकनीकी शिक्षा विभाग के दिशा - निर्देशों के तहत करवाया गया। इस एलुमनी मीट में वर्ष 2000 से अब तक के बैचों के पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में 30 एलुमनी ने ऑनलाइन माध्यम से तथा 67 एलुमनी ने ऑफलाइन रूप से भाग लिया। ये एलुमनी विभिन्न संस्थानों में जैसे कि आईओसीएल, बीएसएनएल, जीबी इंफ्रा, कोका कोला प्लांट, पीएनबी, ग्रामीण बैंक, जिंदल स्टील, हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन, इरिगेशन विभाग इत्यादि में मैनेजर, डिप्टी मैनेजर, एसडीओ जैसे पदों पर कार्यरत हैं।

पूर्व छात्रों ने अपने जीवन के अनुभव बताए व अपने संघर्ष, सफलता और उद्योग जगत में हो रहे बदलावों पर अपने विचार रखे। साथ ही वर्तमान छात्रों को ट्रेनिंग व प्लेसमेंट में सहयोग देने का आश्वासन दिया। विभागाध्यक्ष रजत ठकराल ने सभी पूर्व छात्रों का धन्यवाद व्यक्त किया।



हांसी। संत कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हरियाणा कृषि यंत्र निर्माताओं का प्रतिनिधि मंडल।

### तंजानिया दौरे पर जाएगा कृषि यंत्र निर्माताओं का दल

**हांसी।** हरियाणा कृषि यंत्र निर्माता एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आवास संत कबीर कुटीर पर मिला। मुलाकात के दौरान हरियाणा से कृषि यंत्र निर्माताओं का व्यापार बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने तंजानिया के साथ व्यापार और कारोबार स्थापित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। यह प्रतिनिधिमंडल हरियाणा डेलीगेशन के रूप में जुलाई 2025 में तंजानिया दौरे पर भी जाएगा। प्रविन्द लोहान ने बताया कि तंजानिया देश के दारे सलाम शहर में 7-14 जुलाई तक विश्व स्तरीय व्यापारिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में हरियाणा से करीब 10 कृषि यंत्र निर्माता शामिल होंगे। हरियाणा के व्यापार को बढ़ाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा पिछले 2 वर्षों से एक प्रतिनिधिमंडल तंजानिया व्यापारिक मेले में भेजा जा रहा है। लोहान ने बताया कि 2023-24 से 2024-25 में तंजानिया व्यापारिक व्यापार मेला से हरियाणा का एक्सपोर्ट 31 प्रतिशत तक बढ़ा है। सीएम के ओएसडी विरेन्द्र सिंह बढ़खालसा व पवन चौधरी ने तंजानिया मेले में जाने के लिए हरियाणा कृषि यंत्र निर्माताओं को प्रोत्साहित किया।

---

### सुशीला भवन स्कूल में 2 दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेज व छायाचित्र की प्रदर्शनी

# स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की गौरव गाथा से हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। प्रदर्शनी के माध्यम से वीर शहीदों के बारे में छात्राओं को जानकारी देते दयानंद कॉलेज हिसार के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह।

हिसार मंडल के क्षेत्रीय अभिलेखागार द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशीला भवन हिसार में दो दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेजों और छायाचित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार के प्राचार्य राजवीर सिंह द्वारा किया गया।

क्षेत्रीय अभिलेखागार हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार ने प्रदर्शनी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन आम जनमानस को हरियाणा की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने का एक अनूठा प्रयास है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और योगदान को उजागर किया गया है। यह प्रदर्शनी नई पीढ़ी को यह समझाने में सहायक होगी कि आज की आजादी कितने संघर्षों और बलिदानों का परिणाम है।

डीएन कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदर्शनी में प्रदर्शित दस्तावेजों की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने बताया कि ये दस्तावेज न केवल ऐतिहासिक घटनाओं का दस्तावेजीकरण करते हैं, बल्कि उस दौर की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों को भी उजागर करते हैं। उनके व्याख्यान ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझने में मदद की। प्रदर्शनी में हिसार और सिरसा जिलों के स्वतंत्रता सेनानियों के दुर्लभ छायाचित्रों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। फतेहाबाद के गांव धांगड़ और हांसी के स्वतंत्रता सेनानियों के फोटोग्राफ्स भी आकर्षण का केंद्र रहे। राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को भी प्रदर्शनी में विशेष स्थान दिया गया, जिसमें उनकी साहसिक गाथाएं और योगदान को रेखांकित किया गया। प्रदर्शनी में दादा गणेशी लाल, बलवंत राय तायल और लाला हरदेव सहाय जैसे गांधीवादी नेताओं के योगदान को भी दर्शाया गया। शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के जीवन वृतांत और दुर्लभ फोटोग्राफ्स ने युवाओं को विशेष रूप से प्रभावित किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 1938 में हिसार यात्रा से संबंधित दस्तावेज और तस्वीरें भी प्रदर्शनी का हिस्सा थीं, जो दर्शकों के लिए प्रेरणादायक रहीं। प्रदर्शनी में संविधान सभा सदस्यों के फोटोग्राफ्स प्रदर्शित किए।

### ढैंचा बीज पर किसानों को मिलेगी सब्सिडी

**हिसार।** प्रदेश सरकार ने खरीफ 2025 के दौरान किसानों को हरी खाद के रूप में ढैंचा बीज को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य में सीडीपी (आरकेवीवाई) एवं सीडीपी योजनाओं से ढैंचा बीज का वितरण किया जाएगा। यह योजना न केवल मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि किसानों की आर्थिक मदद भी सुनिश्चित करेगी। यह जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत प्रदेशभर में 4 लाख एकड़ में ढैंचा बुवाई का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से हिसार जिले के लिए 30 हजार एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को बीज बाजार से स्वयं खरीदना होगा।